सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ .................... दिनांक 27 MAY 2024

# FIR on Azamgarh voter over VVPAT claim

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The Election Commission has lodged an FIR against a man in UP's Azamgarh for falsely claiming that his VVPAT slip was different from the party he had voted for in Saturday's polls.

The action followed a video-graphed "test vote" that debunked the claim.

Representative Picture




FALSE CLAIM

Poll officials initially told Arvind Rajbhar (25) that he had a misunderstanding, but he stuck to his stand.

"The test vote was then conducted in front of all agents and VVPAT remained the same. The entire procedure was recorded as evidence," UP chief electoral officer Navdeep Rinwa said.

Rajbhar was later handed over to police, followed by an FIR under IPC Section 177. This pertains to furnishing false information to a public servant.

In earlier poll phases, at least three voters in UP's Kheri and Mohanlalganj alleged in videos that their VVPAT slips were different from their EVM option.

Two remained untraceable. Another accepted on video that her claim was false.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ ........ दिनांक 27 MAY 2024

# आयोग ने इस बार खूब उतारा नकद का 'नशा'

## 2019 के मुकाबले इस चुनाव में 306 करोड़ रुपये की अधिक जब्ती, 9 गुना ड्रग्स अब तक पकड़ी गई


Premshanker.Mishra
@timesgroup.com

■ लखनऊ : यूपी में चल रहे लोकसभा चुनाव में वोटर भले ही सुस्त रहा हो लेकिन नियामक एजेंसियों ने चुस्ती दिखाई है। यही वजह है कि चुनाव को नकदी, शराब या मुफ्त का सामान बांट प्रभावित करने वालों का 'नशा' आयोग ने खूब उतारा है। यूपी के चुनावी इतिहास में आयोग ने जब्ती के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले अब तक ढाई गुना से अधिक का कैश, शराब व ड्रग्स पकड़ा गया है।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने एक मार्च से 25 मई तक आबकारी, नारकोटिक्स, इनकम टैक्स सहित अन्य नियामक एजेंसियों के जरिए पकड़े व जब्त किए कैश व सामान का आंकड़ा जारी किया है। इसके हिसाब से अब तक ₹501 करोड़ की जब्ती की गई है। यानी यह आंकड़े छठे चरण के मतदान के दिन के हैं। अभी सातवें व आखिरी चरण का चुनाव एक जून को होना है। यानी अभी अगले 7 दिनों के कार्रवाई का हिसाब-किताब जुड़ने के बाद जब्ती का यह आंकड़ा और बढ़ेगा।

**छठे चरण में ही टूट गए सारे रेकार्ड :** प्रदेश में नियामक एजेंसियों ने छठे चरण में ही कार्रवाई के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 2019 में आयोग की ओर से कैश, शराब, ड्रग्स, सोना-चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं को लेकर कुल जब्ती ₹195 करोड़ की थी जबकि इस बार आखिरी चरण के मतदान के 7 दिन पहले तक 2019 के मुकाबले ₹306 करोड़ की अधिक जब्ती हो चुकी है। बात 2014 की करें तो चुनाव में केवल ₹20 करोड़ की नकदी पकड़ी गई थी। इसके मुकाबले अब तक साढ़े चार गुना अधिक नकदी जब्त हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले भी यह आंकड़ा लगभग दोगुना ज्यादा है। सबसे अधिक शिकंजा नशीले पदार्थों पर कसा है। इसकी जब्ती 2019 के मुकाबले 9 गुना से अधिक बढ़ी है। पिछली बार जहा ₹28 करोड़ की ही ड्रग्स पकड़ी गई थी, इस बार लगभग ₹240 करोड़ की ड्रग्स नारकोटिक्स एजेंसियों के हाथ लगी है। सोना-चांदी आदि बहुमूल्य धातु इस बार कम हाथ लगी है और पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इसकी जब्ती एक-तिहाई ही है। लेकिन पिछली बार मुफ्त उपहार का खाता खाली थी, इस बार ₹28 करोड़ से अधिक की इसकी भी बरामदगी है।

AI Image



### मॉनिटरिंग व तकनीक ने आसान किया काम

चुनाव आयोग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव दर चुनाव तकनीक व संसाधनों की उपलब्धता ने मॉनिटरिंग को और बेहतर बनाया है। जनता में भी जागरूकता बढ़ी है। आयोग की ओर जारी हेल्पलाइन नंबर, एप पर भी शिकायत आने लगी हैं। इसके अलावा नियामक एजेंसियो के साथ बैठको मे भी लगातार चुनाव प्रभावित करने के तरीको पर लगाम लगाने की कवायदो के रणनीतिक अमल पर जोर दिया गया था। इसके नतीजे दिखने लगे है। यूपी के 2022 विधानसभा चुनाव के मुकाबले भी अब तक डेढ़ गुना अधिक जब्ती हो चुकी है। 1 जून को आखिरी चरण के मतदान के बाद जो अतिम आंकड़े आएगे उसमे यह अतर और बढ़ा नजर आएगा।

### ज़ब्ती की स्थिति (करोड़ रुपये में)

| सामान | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| कैश | 48.64 | 91.64 |
| शराब | 46.08 | 55.98 |
| ड्रग्स | 28.68 | 239.70 |
| सोना-चांदी | 71.79 | 26.18 |
| मुफ्त उपहार | 00 | 28.11 |
| कुल जब्ती | 195.19 | 501.21 |

### यूं बढ़ा ज़ब्ती का आंकड़ा

| | |
|---|---|
| 2017 | ₹193.29 करोड़ |
| 2019 | ₹195.1 करोड़ |
| 2022 | ₹348.87 करोड़ |
| 2024 | ₹501.20 करोड़* |

(*25 मई तक)

“ नियामक एजेंसियां व उड़नदस्ते अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती के लिए आयोग के निर्देशों के हिसाब काम कर रही है। हर शिकायत व फीडबैक को संज्ञान में लेकर कार्य किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार के प्रलोभन के लिए जरिए चुनाव प्रभावित न हो।



*नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यूपी*

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण, लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

## छठे चरण में 54.04 प्रतिशत मतदान

राब्यू, जागरण• लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर हुए शनिवार को मतदान के अंतिम आंकड़े रविवार को जारी कर दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 14 सीटों पर कुल 54.04 प्रतिशत मतदान हुआ है।

सबसे ज्यादा अंबेडकर नगर में 61.58 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, सबसे कम 48.91 प्रतिशत फूलपुर में हुआ है। इसके अलावा सुलतानपुर में 55.63, प्रतापगढ़ में 51.45, इलाहाबाद में 51.82, श्रावस्ती में 52.83, डुमरियागंज में 51.97, बस्ती में 56.67, संत कबीर नगर में 52.57, लालगंज में 54.38, आजमगढ़ में 56.16, जौनपुर में 55.59, मछलीशहर में 54.49 व भदोही में 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ है।

शनिवार को मतदान के बाद आयोग ने जो अनंतिम आंकड़े जारी किए थे उसके अनुसार 52.02% मतदान बताया गया था।

उधर, छठे चरण में देशभर की 58 सीटों पर 63.36 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० हिन्दुस्तान लखनऊ........ दिनांक ....27 MAY 2024

# बिना लाइसेंस के 35 असलहे बरामद

लखनऊ। शनिवार 25 मई को पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों में से एक व्यक्ति के लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 4783 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 35 शस्त्र व 34 कारतूस बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 29 केन्द्रों पर रेड डाली गई।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 16 मार्च से 25 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

# यूपी में छठे चरण के मतदान में हुआ मामूली फेरबदल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार 25 मई को 14 सीटों पर हुए मतदान में दशमलव एक प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ सीटों पर मतदान का प्रतिशत कम हुआ है और कुछ सीटों के मतदान प्रतिशत में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है।

शनिवार की शाम को मतदान सम्पन्न होने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने उत्तर प्रदेश की इन 14 सीटों पर 54 प्रतिशत मतदान होने की बात कही थी। मगर देर रात निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर यूपी में मतदान 54.04 प्रतिशत दिखाया गया।

## वर्ष 2019 और इस बार का मतदान प्रतिशत (छठा चरण)

| लोकसभा सीट | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| सुल्तानपुर | 56.37 | 55.63 |
| प्रतापगढ़ | 53.56 | 51.60 |
| फूलपुर | 48.70 | 48.90 |
| इलाहाबाद | 51.83 | 51.77 |
| अम्बेडकरनगर | 61.08 | 61.58 |
| श्रावस्ती | 52.08 | 52.75 |
| डुमरियागंज | 52.26 | 51.94 |

| लोकसभा सीट | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| बस्ती | 57.19 | 56.61 |
| संत कबीरनगर | 54.20 | 52.63 |
| लालगंज सु. | 54.86 | 54.39 |
| आजमगढ़ | 57.56 | 56.12 |
| जौनपुर | 55.77 | 55.52 |
| मछलीशहर सु. | 56.02 | 54.43 |
| भदोही | 53.53 | 53.07 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# अब तक 26.71 लाख लोग पाबन्द

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोस चुनाव में शांति भंग की आशंका में 2821801 लोगों को पाबन्द करने की नोटिस जारी की गयी तथा 2671917 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। प्रदेश में सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये तथा 4766 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 10020 अवैध शस्त्र, 10166 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 595 बम बरामद कर सीज किये गये। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अब तक 50120.97 लाख रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। बरेली की मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये की ड्रग तथा हापुड़ विधानसभा क्षेत्र में 26.25 लाख रुपये की ड्रग पकड़ी गयी। अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 18130061 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ ............ दिनांक 27 MAY 2024

# छठे चरण का मतदान : कई जिलों में झड़प की सूचना

**लखनऊ (एसएनबी)।** यूपी में छठे चरण के मतदान में पूर्वांचल के आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही में वोटिंग के दौरान झड़पों की छिटपुट घटनाएं सामने आईं, जबकि आजमगढ़ में बूथ कैप्चरिंग के आरोप में हंगामा हुआ। यहां कुछ स्थानों पर मतदाता सूची में नाम नही होने को लेकर नोकझोंक भी हुई। कई स्थानों पर फर्जी मतदान की शिकायतें भी आईं, जहां प्रेक्षक व अधिकारियों ने पहुंचकर जांच करके रिपोर्ट चुनाव आयुक्त को भेज दी। राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर विधानसभा सगड़ी के 11 बूथों पर सत्ता पक्ष के लोगों पर बूथ कैप्चरिंग आरोप लगाया गया है। आजमगढ़ में मेंहनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय गौरा द्वितीय बूथ संख्या 102 पर सपा समर्थक एजेंट के बार-बार आने-जाने पर हंगामा हो गया। दो पक्षों में हुए झड़क के बाद दो लोग घायल हो गए। इसी तरह संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल के ददरा बूथ नंबर 207 पर तैनात पीठासीन अधिकारी दो शालिनी बिना बताए मशीन छोड़कर गायब हो गईं। मेंहदावल थाने में उन पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। शालिनी प्राथमिक विद्यालय कानापार में सहायक अध्यापक है, जबकि प्रयागराज में करछना क्षेत्र के बूथ संख्या 53 के मतदान अधिकारी प्रथम चंद्र शेखर शर्मा को सांप ने काट लिया। उपचार के बाद वह घर चले गए।

■ मेंहदावल के ददरा बूथ नंबर 207 पर पीठासीन अधिकारी दो शालिनी बिना बताए मशीन छोड़कर गायब हो गईं, मुकदमा दर्ज

■ प्रयागराज में करछना क्षेत्र के बूथ संख्या 53 के मतदान अधिकारी प्रथम चंद्र शेखर शर्मा को सांप ने काट लिया

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया को बताया कि सभी 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। इस दौरान कंट्रोल रूम और इंटरनेट मीडिया से मिलने वाली सभी शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। चुनाव के दौरान मिली शिकायतों के आधार पर 72 बैलेट यूनिट, 62 कंट्रोल यूनिट और 215 वीवीपैट को बदला गया। इसके अलावा फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अलीगंज विधानसभा के खिरिया पमारान मतदान केंद्र पर कराए गए पुनर्मतदान में 73.99 प्रतिशत मतदान हुआ। चौथे चरण के मतदान में एक किशोर द्वारा इस केंद्र पर आठ वोट डालने का वीडियो प्रसारित होने के बाद आयोग ने पुतर्मतदान के आदेश दिए थे। यहां 13 मई को मतदान हुआ था, जिसमें 69.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया था। मतदान के बाद सोशल मीडिया पर फर्जी मतदान का वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ था, जिस पर आयोग ने सख्त कार्रवाई की थी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

## प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने बरामद की अवैध शराब, नकदी

लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश मैं प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 25 मई तक 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9164.17 लाख रुपये नकद धनराशि, 5598.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 23969.96 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 5958.69 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किये गये।25 मई को प्रमुख जब्ती में बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75.84 किग्रा ड्रग, हापुड़ की हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख की 105 किग्रा ड्रग पकड़ी गयी।

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ .................. दिनांक 27 MAY 2024

# आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# हापुड़ में पकड़ी गई लाखों की ड्रग

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 1 मार्च से 25 मई,तक कुल 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9164.17 लाख रुपये नकद धनराशि, 5598.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 23969.96 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5958.69 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई, को कुल 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किये गये। 25 मई, को प्रमुख जब्ती में जनपद बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75840 ग्राम (75.84 किग्रा) ड्रग, जनपद हापुड़ की हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 105000 ग्राम (105 किग्रा) ड्रग पकड़ी गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# करोड़ों की अवैध शराब ड्रग व नकदी बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को कुल 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किए गए। 25 मई को प्रमुख जब्ती में बरेली के मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75840 ग्राम (75.84 किग्रा) ड्रग, हापुड़ के हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 105000 ग्राम (105 किग्रा) ड्रग पकड़ी गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 25 मई तक कुल 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए।

## आचार संहिता उल्लंघन के डेढ़ सौ ज्यादा मामले दर्ज

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,81,30,061 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,12,07,949 तथा निजी स्थानों से 69,22,112 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,82,360, पोस्टर के 50,57,137, बैनर के 30,90,762 एवं अन्य 17,77,690 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,92,920, पोस्टर के 32,13,706, बैनर के 17,54,637 एवं अन्य 9,60,849 मामलों में कार्यवाही की गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में हटाये जा रहे पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री

**लखनऊ( डीएनएन )।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,81,30,061 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,12,07,949 तथा निजी स्थानों से 69,22,112 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,82,360, पोस्टर के 50,57,137, बैनर के 30,90,762 एवं अन्य 17,77,690 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,92,920, पोस्टर के 32,13,706, बैनर के 17,54,637 एवं अन्य 9,60,849 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1282 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नक़दी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 153 एफआईआर दर्ज, 09 एनसीआर सहित कुल 162 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# बिना लाइसेंस के 35 शस्त्र व कारतूस सीज

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 मई,तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,21,801 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,71,917 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10020 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10166 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 595 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5216 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया। 25 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 4783 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 35 शस्त्र व 34 कारतूस बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 29 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

## बिना लाइसेंस के 35 असलहे बरामद

लखनऊ( डीएनएन )। शनिवार 25 मई को पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों में से
एक व्यक्ति के लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत
निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 4783 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना
लाइसेंस के 35 शस्त्र व 34 कारतूस बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने
वाले 29 केन्द्रों पर रेड डाली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत
निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य
विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा
1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 मई तक पुलिस विभाग द्वारा
अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के
लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत
निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,21,801 लोगों को पाबन्द किए जाने हेतु नोटिस प्रेपित किए
गए हैं, जिनमें से 26,71,917 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस
विभाग द्वारा 10020 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10166 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक
व 595 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5216 केन्द्रों पर
रेड डाली गई और 188 केन्द्रों को सीज किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# करोड़ों की अवैध शराब, ड्रग व नकदी बरामद

लखनऊ( डीएनएन )। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को कुल 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किए गए। 25 मई को प्रमुख जब्ती में बरेली के मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75840 ग्राम (75.84 किग्रा) ड्रग, हापुड़ के हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 105000 ग्राम (105 किग्रा) ड्रग पकड़ी गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी - नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 25 मई तक कुल 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 9164.17 लाख रुपये नकद धनराशि, 5598.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 23969.96 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5958.69 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

# पांचवें चरण में मत प्रतिशत अब तक सबसे कम रहा

**चुनाव आयोग से**

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.36 प्रतिशत मतदान हुआ। अब तक हुए छह चरणों के मतदान में से पांचवें चरण में मतदान सबसे कम 62.2 प्रतिशत रहा। शनिवार को छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान हुआ था। 2019 के आम चुनाव में इसी चरण (सात राज्यों की 59 सीटों पर मतदान हुआ) में 64.4 प्रतिशत मतदान रहा था।

चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार, 20 मई को पांचवें चरण में 62.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान रहा था, जो 2019 के संसदीय चुनाव के इसी चरण से 3.65 प्रतिशत अधिक है। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2019 के चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 66.71% मतदान हुआ था, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.14% मतदान हुआ था।

2019 में पहले चरण में 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग ने कहा है कि अंतिम मतदान परिणाम आने के बाद ही उपलब्ध होगा, जिसमें डाक मतपत्रों की गिनती और कुल मतदान प्रतिशत में उनका जोड़ शामिल होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ


समाचार पत्र का नाम दै॰राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# पांचवें चरण के बाद जीत के प्रति आश्वस्त हो गई भाजपा !

■ रोशन

नई दिल्ली। एसएनबी

हाल में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे से छलक रही खुशी पांचवें चरण के चुनाव के समापन के बाद स्थिति को लेकर थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के 400 पार के नारे में उलझकर रह गया और यही रणनीति बनाने में जुटा रहा कि 400 आएंगी कि नहीं। दरअसल 20 मई को हुए पांचवें चरण के चुनाव के बाद भाजपा महामंत्रियों की बैठक में जो आंकड़े आए हैं, वह पार्टी के लिए उत्साहवर्धक हैं। पार्टी का मानना है कि पांचवें चरण में पार्टी को मिलने वाली सीटें मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए काफी हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए जो लक्ष्य रखा था कि पांचवें चरण में पार्टी की स्थिति उसके आसपास पंहुच गई है। छठे और सातवें चरण में पार्टी को जो भी सीटें मिलेंगी, वे बोनस होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अबकी बार 400 पार का नारा दिया था, तब भाजपा और आरएसएस के प्रधानमंत्री ने इस नारे से विपक्ष और पूरा चुनाव 400 पार के नारे में सिमटकर रह गया। इसका फायदा बीजेपी को मिला।



**छठे चरण में मिली सीटें बोनस**

**भाजपा की समीक्षा बैठक में आंकड़ों पर चर्चा**

**सातवें चरण के लिए प्रधानमंत्री ने ताकत झोंकी, आखिरी दो दिनों में 10 चुनावी सभाएं करेंगे**

**समापन रैली केंद्रपाड़ा में 29 को**

**आखिरी दो दिनों में 10 चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे मोदी :** 2024 आम चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम चरण में भी आखिरी दांव लगाने जा रहे हैं। आखिरी दो दिनों में वह 10 चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेकर रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। पीएम मोदी अब तक 125 से अधिक रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। 2019 की तरह ही वह आखिरी दिन यानि 29 मई को मीडिया के सामने आ सकते हैं। 18वीं लोकसभा का सातवें चरण का चुनाव पहली जून को होगा। इस चरण में आठ राज्यों की 57 सीटों के लिए मतदान होगा। चूंकि भाजपा को उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से बहुत उम्मीदें हैं। 28 और 29 मई को वह पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में धुंआधार प्रचार करेंगे।

आखिरी चरण में पश्चिम बंगाल में नौ सीटों के लिए मतदान होना है। इनमें 2019 में भाजपा एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। राज्य में भाजपा ने काफी राजनीतिक घुसपैठ की है इसलिए पार्टी को लगता है कि 2019 में जीती 18 सीटों की संख्या इस बार बढ़ेंगी।

28 मई को वह पहले झारखंड के दुमका लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से वह पश्चिम बंगाल की बारासात और जाधवपुर जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल माल्यार्पण करेंगे। छह बजे सायं को कोलकाता उत्तर, लोकसभा सीट के श्यामबाजार क्रॉसिंग से रामकृष्ण मिशन तक रोड शो करेंगे। फिर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उनका रात्रि विश्राम राजभवन में होगा। 29 मई को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल की मथुरापुर चुनाव क्षेत्र में 24 परगना में सार्वजनिक सभा करेंगे। वहां से वह ओडिशा के मयूरभंज और बालासौर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे और 2024 के आम चुनाव की समापन रैली केंद्रपाड़ा में करेंगे।

2019 में प्रधानमंत्री ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की प्रेस कांफ्रेंस में शामिल होकर सभी को चौंका दिया था। हालांकि उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया था। इस बार वह 29 मई को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनाव प्रचार समापन पर होने वाली प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री भी शामिल हो सकते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ ............ दिनांक 27 MAY 2024

# SIBAL ISSUES LIST TO VERIFY AGAINST 'EVM TAMPERING' FOR RESULTS DAY

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Rajya Sabha MP Kapil Sibal on Sunday issued a checklist for all political parties and their counting agents and directed them to check whether the Electronic Voting Machines (EVMs) have not been tampered with.

"You all know that the voting results will be out on June 4. I want to make the public and the political parties aware of what you should do when the machines (EVMs) open. So, I have made a chart for all the parties and all the counting agents. In this chart, the CU (control unit) number, BU (ballot unit) number and VVPAT ID will be present. The third column is very important. 4th June 2024 is written in the third column and the time when the machine will be opened is written below. If there is any difference in this time, then you will know that the machine has already been opened somewhere," Sibal said.

He added that a serial number of the control unit will also come in written format and counting agents and political parties will have to match it.

"When the total poll vote comes, then look at it carefully so that when there are more votes in the counting, the problem may come again. Keep in mind two things: do not press the result button until the verification is done in the above column and if there is a difference between that timing and the timing of the result, then there is something wrong. I would like that all political parties and all the candidates who are sitting there should carefully check the first column and get it opened only then," the senior advocate said.

Six phases of polls have been completed. The last phase of polling will be held on June 1.

**A SERIAL NUMBER OF THE CONTROL UNIT WILL COME IN WRITTEN FORMAT AND COUNTING AGENTS AND POLITICAL PARTIES WILL HAVE TO MATCH IT: SIBAL**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....टै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ.......... दिनांक ..27 MAY 2024

# Phase 6 turnout rises to 63.4%, exceeds polling in previous lap

## With 82.7%, Bengal Clocks Highest Voting Across India

Bharti.Jain@timesgroup.com

**New Delhi:** Overall voter turnout in the Lok Sabha election's sixth phase held on Saturday stood revised to over 63.4% by Sunday evening, beating the Phase 5 polling percentage that at 62.2% remains the lowest so far. However, the turnout for Phase 6 is still way lower than the polling in first four phases.

Polling data officially shared by the Election Commission at 11.45 pm on Saturday had put the Phase 6 turnout at 61.2%. It has since been constantly updated via the EC's voter turnout app as more polling parties returned and submitted their reports, resulting in a 2.2 percentage points jump over the polling day figure. Also, the Phase 6 turnout is now 1.2 percentage points higher than Phase 5 polling, notwithstanding the high temperatures recorded in many of the constituencies that went to polls on Saturday.

The turnout data for Phase 6, as available on the EC app at 10 pm on Sunday, is almost final as no repolls were scheduled after scrutiny held on Sunday in the presence of candidates or their agents, sources told TOI. However, the current turnout figures for all the phases are based on EVM votes and do not factor in postal ballots since the latter are counted only on results day.

**FIGURE REMAINS UNCHANGED IN UP**

Phase 6 Voter Turnout %

| State | At 11.45 pm, May 25 | On May 26 (as per voter turnout app) |
|---|---|---|
| West Bengal | 79.5 | 82.7 |
| Odisha | 69.6 | 74.5 |
| Jharkhand | 63.8 | 65.4 |
| Haryana | 60.4 | 64.8 |
| NCT of Delhi | 57.7 | 58.7 |
| Bihar | 55.2 | 57.2 |
| J&K | 54.3 | 54.8 |
| Uttar Pradesh | 54 | 54 |
| **Overall** | **61.2** | **63.4** |

The overall turnout in NCT of Delhi stood revised to 58.7% on Sunday evening from 57.7% at 11.45 pm on Saturday. This is, however, still lower than the 60.6% turnout recorded in 2019. All the seven parliamentary constituencies in Delhi too have clocked lower turnouts as compared to the last Lok Sabha election.

As per data available on the voter turnout app on Sunday evening, North East Delhi parliamentary constituency witnessed the highest polling in the state at 62.8%. Like 2019, New Delhi clocked the lowest turnout at 55.4%, followed by South Delhi at 56.4%. The polling percentage on Sunday evening was 57.8% in North West Delhi, 58.6% in Chandni Chowk, 58.8% in West Delhi and 59.5% in East Delhi.

Statewise turnouts, as updated in the voter turnout app by Sunday evening, show the biggest rise of 4.9 percentage points in Odisha, up from 69.6% at Saturday 11.45 pm to 74.5% on Sunday evening. Also, there was a climb of 4.4 percentage points in Haryana, up from 60.4% at Saturday 11.45 pm to 64.8% on Sunday evening. The uptick was also significant in Odisha; the revised turnout was 4.1 percentage points higher that the 69.6% polling declared by EC towards the end of polling day.

West Bengal saw a 3.2 percentage point jump from 79.5% to 82.7%, possibly due to polling parties having taken time to return from the remote polling stations. The rise in turnout in Jharkhand was around 1.6 percentage points, in Bihar 1.9 percentage points, in J&K 0.5 percentage points and in Delhi, 1 percentage points.

The turnout figure for UP was almost the same as Saturday.

The Commission had on Saturday said it will publish the updated voter turnout figures for Phase 6 by May 30.

Turnouts — which are presently based on EVM votes and do not include postal ballots which are counted only on results day — have fluctuated through the phases, with Phase 4 having recorded the highest polling at 69.2%, followed by 66.7% in Phase, 66.1% in Phase and 65.7% in Phase 3. The graph dipped to the lowest at 62.2% in Phase 5 but has since climbe back to 63.2% in Phase 6.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित 234 कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

गोंडा, 26 मई (जनसत्ता)।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान टीम के रवाना होते समय ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले 29 विभागों के 234 मतदान कार्मिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराए जाने का निर्देश संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को दिया है। डीएम ने प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के उपरांत प्राथमिकी की प्रति तीन दिन में प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने रविवार को बताया कि 19 मई को शहीद भगत सिंह इंटर कालेज से मतदान टीमों के रवाना होते समय गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदान के लिए नियुक्त किए गए 234 मतदान कार्मिक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। इसमें गोंडा क्षेत्र के 120 तथा कैसरगंज क्षेत्र में 114 चुनाव कर्मी शामिल हैं।

डीएम ने कहा कि रवानगी स्थल से नाम पुकारने के बावजूद इन कर्मियों ने ड्यूटी पत्र प्राप्त नहीं किया। परिणाम स्वरूप मतदान टीमों के रवानगी में बिलंब हुआ। डीएम ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों में 79 शिक्षक, 60 शिक्षा मित्र, 11 ग्राम रोजगार सेवक, 20 सफाई कर्मी, आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्री के अलावा विभिन्न कार्यालयों में तैनात लिपिक, ग्राम विकास अधिकारी, चपरासी आदि शामिल हैं।

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोंडा जिले में मतदान की पूर्व रात्रि में एक मतदेय स्थल पर दो चुनाव अधिकारियों के फर्जी अश्लील वीडियो साझा किए जाने के मामले में एमसीएमसी के प्रभारी ने पांच लोगों के खिलाफ रपट लिखाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर एक महिला व पुरुष चुनाव अधिकारी द्वारा अश्लीलता से परिपूर्ण वीडियो साझा किया गया था। इसे जिले के कर्नलगंज तहसील मुख्यालय पर एक विद्यालय में स्थापित किए गए मतदान केंद्र पर मतदान की पूर्व रात्रि (19/20 मई) का बताया गया। वह फर्जी वीडियो था।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ ........ दिनांक 27 MAY 2024

# पश्चिम से पूर्वांचल तक मतदान का आंकड़ा 7% गिरा

## पहले चरण में 61.11, छठे में 54.03% पड़े वोट 67 सीटों के मतदान में बाराबंकी अव्वल

राब्यू, जागरण• लखनऊ : प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र से शुरू हुआ लोकसभा का चुनावी सफर छठे पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते मतदान प्रतिशत के लिहाज से हांफने लगा है। मतदाताओं ने पहले चरण में जो उत्साह दिखाया वह पूर्वांचल से जुड़ी सीटों पर नहीं दिखा। छठे चरण की 14 सीटों पर सबसे कम वोटिंग हुई और पहले से छठे चरण की वोटिंग में सात प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में सबसे अधिक 61.11 प्रतिशत वोट पड़े थे जबकि छठे चरण में महज 54.04 प्रतिशत मतदान हुआ। छठे चरणों में उत्तर प्रदेश किसी भी चरण के चुनाव में राष्ट्रीय औसत के करीब भी नहीं पहुंच सका। प्रदेश में अब तक 67 सीटों पर हुए चुनाव में सबसे अधिक वोट बाराबंकी 67.20 और सबसे कम मतदान फूलपुर में 48.91 प्रतिशत पड़े हैं।



वोटिंग में आई गिरावट की वजह मतदाताओं की उदासीनता और गर्मी ही बताई जा रही है। पश्चिमी के सापेक्ष पूर्वांचल में माइग्रेशन भी अधिक है। मई-जून में लगन न होने की वजह से भी लोगों की वापसी भी इस क्षेत्र में कम हुई है। लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एसके द्विवेदी बताते हैं कि पूर्वांचल के बहुत से लोग रोजी-रोजगार के सिलसिले से बाहर रहते हैं और यदि कोई बड़ी वजह न हुई तो वे वापस नहीं आते हैं। चुनाव में इस बार माफियाओं का हस्तक्षेप भी काफी कम है, इस वजह से भी उनके प्रभाव वाले लोग तटस्थ रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में सभी चरणों में 2019 के मुकाबले मतदान में कमी देखी गई है। राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष भी फासला दो से 11 प्रतिशत (चरणवार) देखा गया। वर्ष 2019 में देश भर में 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था जबकि उत्तर प्रदेश का औसत आंकड़ा 59.21 प्रतिशत रहा था। चुनाव आयोग का प्रयास 2024 में इस अंतर को पाटने का था। छह चरण के मतदान के बाद यह उम्मीद दम तोड़ती दिख रही हैं। सातवां चरण यह तय करेगा कि प्रदेश का वोटिंग प्रतिशत पिछले चुनाव तक पहुंच सका या नहीं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिहाज से शीर्ष पांच लोकसभा सीटें बाराबंकी (67.20 प्रतिशत), खीरी (64.68 प्रतिशत), अमरोहा (64.58 प्रतिशत), धौरहरा (64.54 प्रतिशत) और झांसी (63.86 प्रतिशत) रहीं। वहीं, सबसे कम मतदान वाले पांच लोकसभा क्षेत्र फूलपुर (48.91 प्रतिशत), मथुरा (49.41 प्रतिशत), गाजियाबाद (49.88 प्रतिशत), प्रतापगढ़ (51.60 प्रतिशत) व गोंडा (51.62 प्रतिशत) रहे।

### उप्र में चरणवार मतदान प्रतिशत

| चरण | वर्ष 2019 | वर्ष 2024 | कमी |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 66.42 | 61.11 | 5.31 |
| दूसरा | 62.18 | 55.19 | 6.99 |
| तीसरा | 59.79 | 57.55 | 2.24 |
| चौथा | 58.75 | 58.22 | 0.53 |
| पांचवां | 58.38 | 58.02 | 0.36 |
| छठा | 54.49 | 54.04 | 0.45 |

### राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष स्थिति

| चरण | राष्ट्रीय | यूपी | कमी |
|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 66.14 | 61.11 | 5.03 |
| दूसरा चरण | 66.71 | 55.19 | 11.52 |
| तीसरा चरण | 65.68 | 57.55 | 8.13 |
| चौथा चरण | 66.95 | 58.22 | 8.73 |
| पांचवां | 60.09 | 58.02 | 2.07 |
| छठा | 61.20 | 54.04 | 7.16 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# वीआईपी इलाके में बस 20% मतदान

श्रुतिमान शुक्ल

**बाराबंकी।** विकास की पुरजोर मांग करने वाले शहर के लोग मतदान में फिसड्डी रह गए। बाराबंकी शहर हो या नगर पंचायतों के बूथ। मतदान के आंकड़े बता रहे है कि सबसे कम वोट शहर व टाउन के लोगों के ने ही डाले। हद तो यह है कि पुलिस लाइन जैसे वीआईपी इलाके में बनाए गए बूथों पर केवल 20 प्रतिशत के आसपास ही मतदान हुआ।

बाराबंकी लोकसभा सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों के सबसे कम मतदान वाले बूथों में सबसे आगे बाराबंकी शहर है। इसके बाद नगर पंचायत जैदपुर, सुबेहा, सिद्धौर, फतेहपुर, सतरिख व हैदरगढ़ के कुछ बूथ हैं। 50 से अधिक बूथों पर 40 फीसदी से कम मतदान होना इस बात को पुख्ता करता है कि शहर के लोग मतदान के प्रति गंभीर नहीं रहे।

**शहर के एक दर्जन बूथों पर केवल 20 से 40 प्रतिशत तक ही पड़े वोट**

**विकास की मांग करने वाली नगर पंचायतों के बूथों पर सबसे कम वोट**

### सांसद, विधायक, प्रत्याशी शहर के

- शहर में ही सांसद उपेंद्र रावत, जैदपुर विधायक गौरव रावत, सदर विधायक सुरेश यादव, कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के आवास है। दो पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद समेत राजीनितक कद्दावरों के मकान भी शहर में है। अधिकतर दलों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी भी यहीं रहते हैं।

हम यहां हर विधानसभा के सबसे कम मतदान वाले पांच-पांच बूथों का मतदान प्रतिशत दे रहे है जो कड़वी हकीकत बताने के लिए काफी है।

### विधानसभावार पांच-पांच बूथों का मतदान प्रतिशत

**बाराबंकी सदर**

| | |
|---|---|
| पुलिस लाइन बूथ संख्या 266 | 20.62 |
| पुलिस लाइन बूथ संख्या 267 | 29.79 |
| जीआईसी शहर | 33.74 |
| इरम कांवेट स्कूल शहर | 36 |
| जनेस्मा कॉलेज शहर | 36.04 |

**कुर्सी**

| | |
|---|---|
| कुर्सी बूथ संख्या 233 | 37.42 |
| फतेहपुर दक्षिणी | 46.5 |
| फतेहपुर बूथ संख्या 215 | 46.28 |
| फतेहपुर बूथ संख्या 221 | 48.93 |
| फतेहपुर बूथ संख्या 224 | 50.97 |

**रामनगर**

| | |
|---|---|
| जमका | 45.7 |
| सआदतगंज 270 | 46.13 |
| सआदतगंज 273 | 47.63 |
| खुज्झी | 47.91 |
| रामनगर बूथ सं. 235 | 48.45 |

**जैदपुर**

| | |
|---|---|
| पूरे मक्का वार्ड | 44.42 |
| आदर्श इं. का. सिद्धौर | 45.24 |
| रामापुर | 46.81 |
| सतरिख-प्रथम | 47.86 |
| मसौली-बूथ सं.41 | 49.7 |

**हैदरगढ़**

| | |
|---|---|
| सार्वजनिक इं. का. हैदरगढ़ | 42.64 |
| सुबेहा-द्वितीय रूम | 44.82 |
| किरसिया उत्तरी | 45.33 |
| सिधियावां पश्चिम | 45.43 |
| सिधियावां मध्य | 45.47 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

## EVM से भरा ट्रक मिलने पर हंगामा

जौनपुर : जौनपुर में शनिवार को मतदान के बाद पूर्वांचल विवि में बने स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर EVM से भरा एक मिनी ट्रक पहुंचने पर सपा समर्थको ने हंगामा किया। डीएम रविंद्र कुमार का कहना है कि ट्रक में हेडक्वॉर्टर की रिजर्व EVM थीं। ट्रक मुंगरा बादशाहपुर से वेयर हाउस के लिए जा रहा था। जाम के कारण इसे विवि परिसर में खड़ा करवा दिया गया था। (आईएएनएस)

समाचार पत्र का नाम ........दै० अमर उजाला लखनऊ........ दिनांक ....27 MAY 2024

# साकेत ने 40.92 व राम शिरोमणि ने खर्च किए 17.51 लाख रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** श्रावस्ती संसदीय सीट के प्रत्याशियों का चुनावी अभियान चरम पर रहा। प्रत्याशियों ने अब तक के अपने चुनावी खर्च का हिसाब व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करा दिया है। चुनाव में हुए खर्चों के हिसाब में भाजपा आगे निकल गई है। भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र ने 22 मई तक चुनाव प्रचार में 40 लाख 92 हजार रुपये तक खर्च होने का ब्योरा पेश किया है।

उन्होने नुक्कड़ सभाओं के साथ ही भ्रमण आदि पर अपना चुनाव खर्च दर्शाया है। इसी तरह से सपा के राम शिरोमणि वर्मा ने भी 17 लाख 51 हजार 424 रुपये खर्च करने का हिसाब दिया है। बसपा के प्रत्याशी मैनुद्दीन अहमद उर्फ दद्दन खां ने चुनाव प्रचार पर 15 लाख 64 हजार 609 रुपये खर्च करने का ब्योरा उपलब्ध कराया है। वहीं पीस पार्टी के प्रत्याशी अहमद जिया खान ने 62 हजार 830 रुपये, आरजेपी की प्रत्याशी गीता गौतम ने 19 हजार 540 रुपये, सम्यक पार्टी के कृष्ण कुमार ने 46 हजार रुपये, एजेपी इंडिया के युगल किशोर शुक्ल ने 30 हजार 377 रुपये, केएमएस पार्टी के हनुमान प्रसाद मिश्र ने 88 हजार 720 रुपये, निर्दलीय अनिल कुमार तिवारी ने 37 हजार 916 रुपये, शांति देवी ने 15 हजार 100 रुपये, मालिक राम ने 26 हजार 350 रुपये व सुजीत कुमार ने 91 हजार 850 रुपये का खर्च दिखाया है।

**शैलू 14 लाख तो राकेश ने खर्च किए 10 लाख रुपये...** गैंसड़ी विधानसभा के उप चुनाव में सभी प्रत्याशियों ने 22 मई तक अपने खर्च का हिसाब दे दिया है। भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू ने 14 लाख 28 हजार 12 रुपये व सपा के राकेश कुमार यादव ने 10 लाख 30 हजार 854 रुपये खर्च किया है।

### 30 जून को होगी समीक्षा

चुनाव खर्च की समीक्षा के लिए 14 मई, 18 मई व 22 मई को तिथि निर्धारित की गई थी। अब काउंटिंग के बाद 26वें दिन 30 जून को प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की समीक्षा की जाएगी।

**-अरविंद सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024




## इनमें सुरक्षित है जन का मत

लोकतंत्र के महापर्व में छह चरण के मतदान में देश के मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में सुरक्षित कर चुके हैं। देश में किसकी सरकार बनेगी, इन्हीं ईवीएम से तय होगा। इसलिए ईवीएम की सुरक्षा सबसे अहम जिम्मेदारी है। यह तस्वीर झारखंड के धनबाद के बारबडा की है, जहां स्ट्रांग रूम में जिले के निर्वाचन अधिकारी ईवीएम का निरीक्षण कर रहे हैं • एएनआइ

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० हिन्दुस्तान लखनऊ ........ दिनांक 27 MAY 2024

## करोड़ों की अवैध शराब, ड्रग्स व नकदी बरामद

लखनऊ। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को कुल 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग्स व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग्स एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किए गए।

# ईवीएम लेकर जा रहे वाहन को रोका

- ईवीएम को मुख्यालय पहुंचाया जा रहा था
- सपाईयों ने ईवीएम बदलने का आरोप लगाया

जौनपुर, संवाददाता। जिले में मतदान के बाद शनिवार की शाम मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में रखी गई रिजर्व ईवीएम को जिला मुख्यालय वेयर हाउस में पहुंचाने आ रहे डीसीएम को पूविवि के पास रोककर सपा के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप लगाया कि ईवीएम बदलने की तैयारी थी। सूचना पर पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी समेत अन्य लोगों को ईवीएम के नम्बर व अन्य पेपर दिखाए। इसके बाद लोग संतुष्ट होकर वापस गए।

सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया कि मतदान के बाद अप्रयुक्त रिजर्व ईवीएम मशीन को जिला मुख्यालय स्थित वेयरहाउस में पहुंचवाने की जिम्मेदारी तहसीलदार मछलीशहर अजीत कुमार को दी गई थी।

वह रिजर्व ईवीएम को जमा करने शासकीय वाहन से निर्धारित रूट से जिला निर्वाचन वेयरहाउस जा रहे थे। विश्वविद्यालय वाली रोड पर पहुंचे तो वहां जाम लगा हुआ था।

## स्टीकर लगी ईवीएम गाड़ी को रोका

विश्वविद्यालय पर संकलन केंद्र होने के कारण सभी विधानसभा के पोलिंग पार्टियों की गाड़ी आ जाने से जाम की स्थिति बन गई थी। इस दौरान अचानक काफी संख्या में लोगों ने जिसमें पूर्व नियोजित कुछ युवकों ने स्टीकर वाली ईवीएम गाड़ी को घेर लिया। तहसीलदार ने अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही डीसीएम वाहन को सबसे पहले सुरक्षित स्थान विश्वविद्यालय गेट के अंदर खड़ा कराया। इस बीच वहां पहुंचे सपाइयों ने आरोप लगाना शुरू कर दिया।

MAY 2024

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक 27 MAY 2024

# तीन चुनाव अधिकारियों की मौत

प्रयागराज, संवाददाता। भीषण गर्मी में शनिवार को चुनाव ड्यूटी कर ईवीएम जमा कराकर घर लौट रहे पीठासीन अधिकारी व प्राथमिक शिक्षक सज्जन लाल यादव (58) और बिजलीकर्मी सुशील कुमार शर्मा (50) की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। वहीं, प्राथमिक शिक्षक मातांबर को बेहोशी की हालात में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

कोरांव के गांव चपरो बिसरी के रहने वाले सहायक अध्यापक सज्जन लाल संविलियन विद्यालय ओबरी कोरांव में कार्यरत थे। उनकी ड्यूटी बतौर पीठासीन अधिकारी संत रविदास प्राथमिक विद्यालय सोहबतियाबाग में थी। मतदान के बाद वह ईवीएम लेकर मुंडेरा मंडी में जमा करने पहुंचे, जहां अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। ईवीएम जमा करके घर जाने के लिए वे ऑटो से बैरहना के लिए चले, लेकिन रास्ते में उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। ऑटो चालक घबराकर रात में लगभग 11 बजे उन्हें बेहोशी की हालात में छोड़कर चला गया।

विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय प्रयागराज-प्रथम में टीजी-टू के पद पर कार्यरत सुशील कुमार शर्मा की ड्यूटी बतौर पीठासीन अधिकारी कोरांव विधानसभा के एक मतदान केंद्र पर लगी थी। मतदान के बाद मुंडेरा मंडी में ईवीएम जमा करके ऑटो से वह घर लौट रहे थे। वे ऑटो में ही अचानक बेहोश हो गए।

## बस्ती में भी मतदान अधिकारी प्रथम की जान गई

बस्ती। लोकसभा चुनाव में 25 मई को महादेवा विधानसभा क्षेत्र के मधवापुर बूथ पर तैनात मतदान अधिकारी प्रथम सुरेंद्र प्रसाद उपाध्याय की मौत हो गई। बूथ पर तबीयत खराब होने पर उन्होंने दवा खाई थी। मतदान के बाद ईवीएम जमा करते समय उनकी हालत काफी बिगड़ गई। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम टै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ ......... दिनांक 27 MAY 2024

# 2 arrested with smuggled gold worth ₹1.63 cr

**Varanasi:** The Directorate of Revenue Intelligence sleuths recovered 2.38 kg gold worth Rs 1.63 crore with the arrest of two persons from a train at Banaras railway station. They were produced before a court and sent to jail on Saturday.

The gold was smuggled through Bangladesh and was being taken to Delhi to be delivered to a trader when the DRI caught the duo. According to DRI, acting on a tip-off, its sleuths reached Banaras railway station on May 24 night and caught Ashish Rana of Paschim Medinipur West Bengal and Tapas Midya of Karol Bagh Delhi from New Delhi Superfast train.

▶Deliver consignment, P5

# Consignment had to be given in Delhi

▶Continued from P 1

On being frisked, gold bands and jewellery were found tied around the waist of the two with the help of clothes.

They failed to produce any documents in support of the recovered gold. The DRI officials took them under custody and sent the gold for examination. The seized gold was found 2.386 kg in weight and the total value of gold was estimated at Rs 1.63 crore.

The two smugglers confessed that they had boarded the train to deliver the consignment in Delhi. They said that a jeweller, who owns shops in Delhi and Varanasi, had engaged Rana and Midya to deliver the gold, which was smuggled via Bangladesh and reached up to Varanasi through WB, at his Delhi unit, against the payment of Rs 1 lakh.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# Women turnout % less than men in 4 phases

Arvind.Chauhan
@timesgroup.com

**Lucknow:** Women voter turnout percentage was less till four phases in comparison to men, but in the fifth phase more women walked up to polling booths to practise their right to adult franchise.

Uttar Pradesh polling data accessed exclusively by TOI revealed that in phase 1, the men voter turnout percentage was 62.52% while it was 59.53 % for women. In the second phase, men registered 56.71% and women 53.43%, in third phase, men were 58.88% and women 56.01 %, while in the fourth phase men recorded 59.48% and women 56.79% polling.

In the fifth phase, the women voter turnout percentage was 58.51 % in comparison to men's 57.81 %. The rise was 0.7% more, but it was for the first time, women participation was more.

Further analysis revealed that in at least 18 parliamentary constituencies, women voter turnout was more than 60%. The highest women voter turnout was in Saharanpur at 64.22%. The same constituency also registered the highest male voter turnout at 67.86 %.

In 21 constituencies, male voter turnout was more than 60%.

Meanwhile, constituencies like Lucknow, Kanpur and reserved seat Shahjahanpur registered lowest women turnout in comparison to men. It was 50.23%, 50.96% and 50.73%, respectively.

In terms of male voters, the reserved seat of Kaushambi registered the lowest 50.43% turnout.

The Ghaziabad constituency with maximum electors (29,45,487), registered the highest 8,26,789 male voter turnout in absolute numbers, and for women it was 6,42,455.

The same constituency also registered the highest drop in male and female voter participation in absolute numbers. For men, it was 7,96,717 and for women 6,79,349.

File Photo



The highest women voter turnout was in Saharanpur at 64.22%

## HOW WOMEN VOTERS FARED

| | TOTAL ELECTORS | MALE ELECTORS | MALE VOTERS TURNOUT | FEMALE ELECTORS | FEMALE VOTERS TURNOUT |
|---|---|---|---|---|---|
| Phase 1 (8 PCs) | 1,44,01,543 | **76,54,658** | 47,85,533 (62.52%) | **67,46,136** | 40,15,877 (59.53%) |
| Phase 2 (8 PCs) | 1,67,77,198 | **90,26,051** | 51,18,227 (56.71%) | **77,50,356** | 41,41,317 (53.43%) |
| Phase 3 (10 PCs) | 1,89,14,788 | **1,01,44,345** | 59,73,390 (58.88%) | **87,69,696** | 49,12,255 (56.01%) |
| Phase 4 (13 PCs) | 2,47,47,027 | **1,31,82,341** | 78,40,235 (59.48%) | **1,15,63,739** | 65,66,703 (56.79%) |
| Phase 5 ( 14 PCs) | 2,71,36,363 | **1,44,05,097** | 83,27,121 (57.81%) | **1,27,30,186** | 74,48,276 (58.51%) |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# चुनाव आयोग ने जारी किए मतदान के फाइनल आंकड़े

**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने छठे चरण के मतदान के फाइनल आंकड़े जारी कर दिए हैं। शनिवार को हुए इस चरण के मतदान में कुल 54.04 प्रतिशत मतदान हुआ। जारी आंकड़ों के अनुसार, सुल्तानपुर में 55.63 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.45 प्रतिशत, फूलपुर में 48.91 प्रतिशत, इलाहाबाद 51.82 प्रतिशत, अम्बेडकरनगर में 61.58 प्रतिशत, आजमगढ़ में 56.16, बस्ती में 56.67, भंदोही में 53.07, डुमरियागंज में 51.97, लालगंज में 54.38, मछलीशहर में 54.49, संतकबीरनगर में 52.57, जौनपुर 55.59 और श्रावस्ती में 52.83 प्रतिशत मतदान हुआ। ब्यूरो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

लोकसभा चुनाव 2024

# गांव के गलियारों से लेकर शहर के चौराहों तक चल रही चुनावी चर्चा

**सियासी दलों के नेता और समर्थक कर रहें अपनी-अपनी जीत के दावे, चुनाव परिणाम के बाद साफ होगी तस्वीर**

नगर संवाददाता

लखनऊ।लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए सियासी दिग्गज कड़ी मेहनत कर रहे है।यूपी में छह चरण का मतदान हो चुका है सातवां चरण अभी बाकी है जिसे लेकर सियासी पार्टियों के नेता जोर शोर से जुटे हुए है।चुनावी जनसभाओं में तमाम पक्ष विपक्ष के नेता एक दूसरे पर निशाना साध रहे है और वोटरों को अपने अपने पक्ष में लाने के लिए तमाम सियासी मुद्दो को हवा दे रहे हैं।हालांकि अब सिर्फ एक चरण बाकी है वहीं जहां जहां मतदान हो चुका है वहां अब मतगणना को लेकर तैयारियां चल रही है।मतदान प्रतिशत तमाम कोशिशों के बावजूद भी बढ़ नही पा रहा है इसके पीछे भीषण गर्मी को जिम्मेदार माना जा रहा है।राजधानी लखनऊ में पांचवे चरण में मतदान हो चुका है यहां लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीटे है। इसके अलावा लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी कई दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे है।लोकसभा उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होने में अब चंद दिन ही शेष बचे है।वहीं राजधानी की लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट पर हुए मतदान के बाद अब सभी दलों के नेताओ ,कार्यकर्ताओ , समर्थको और मतदाताओं सभी की निगाहे चुनाव परिणाम पर लग गई है।उम्मीदवारें की जीत हार को लेकर सभी दलों के अपने अपने दावे है।कौन कितने वोटों से अपनी जीत का परचम लहराएंगा इस पर भी समर्थको के बीच बहसें चल रही है।गांव के गलियारों से लेकर शहर के चौराहों तक बस चुनाव की चर्चा छिड़ी हुई है।किस सियासी पार्टी के सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा इसे लेकर भी सियासी पंडित अपनी गणित लगाने में जुट गए है।जिन स्थानों पर मतदान संपन्न.हो चुका है वहां अब मतगणना को लेकर तैयारियां की जा रही है।सातवे चरण में यूपी के जिन जिलों में मतदान होना है वहां सियासी दिग्गज अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभाएं कर रहे कही कही रोड शो भी किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० जनसंदेश टाइम्स लखनऊ ........ दिनांक 27 MAY 2024


# मतगणना के लिए आयोग द्वारा नामित किये गये प्रेक्षक

बहराइच जनसंदेश टाइम्स। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक नामित कर दिये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अज़ा.) अन्तर्गत विाानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अज़ा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा तथा 286-बहराइच के लिए आईएएस. आिकारी अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी का मोबाइल नम्बर 9717279623 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अज़ा.) अन्तर्गत विाानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 कैसरगंज (आंशिक) अन्तर्गत 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एससीएस.सुश्री रूपश्री केक्र को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक अभियन्ता, उप्र.लघु उद्योग निर्माण निलि. चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9450531248 व सिंचाई निर्माण मण्डल, कल्पीपारा बहराइच श्रीमती विजय लक्ष्मी अम्बेडकर का मोबाइल नम्बर 9305381719 है।

# जिलाधिकारी व प्रेक्षक ने मतदान से संबंधी अभिलेखों की जांच

भास्कर ब्यूरो

**बलरामपुर।** लोकसभा संसदीय सीट श्रावस्ती की मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह , प्रेक्षक किशोर कुमार द्वारा मतदान अभिलेख एवं प्रपत्रों की विस्तृत जांच चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की मौजूदगी में किया गया।



• प्रपत्रों की विस्तृत जांच चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की मौजूदगी में किया गया

डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रेक्षक द्वारा 3 घंटे तक रेंडम रूप से लोकसभा संसदीय सीट श्रावस्ती के 05 विधानसभाओं के मतदान बूथ के मतदान अभिलेख एवं प्रपत्र की जांच की गई। सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप मिले। इस दौरान उपस्थित प्रत्याशियों के सभी जिज्ञासाओं एवं सवालों का विस्तृत जवाब जिला निर्वाचन अधिकारी द्वौरा दिया गया। सभी प्रत्याशी प्रसन्नचित्र एवं संतुष्ट रहे। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीसिंह जो कि संसदीय सीट श्रावस्ती के लिए रिटर्निंग ऑफिसर भी हैं उन्होंने सभी प्रत्याशियों को मतदान के दौरान उनके सहयोग एवं सकारात्मक रुख के लिए धन्यवाद दिया। सभी प्रत्याशियों ने भी जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष , स्वतंत्र , पारदर्शी रूप से मतदान संपन्न कराए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रेक्षक द्वारा प्रत्याशियों की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण रूप से मतदान अभिलेखों को सील कराया गया । इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम, एवं मतगणना स्थल के चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया एवं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं मतगणना की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीमित संसाधन एवं भीषण गर्मी में निष्पक्ष , पारदर्शी , स्वतंत्र , सुचिता पूर्ण मतदान संपन्न कराए जाने पर सभी मतदान कार्मिकों को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।

उन्होंने विशेष रूप से मतदान कार्मिकों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने वाली सभी अम्माओं एवं रसोइयों को उनकी सेवा भाव के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी , लोकसभा संसदीय सीट श्रावस्ती के सभी 05 विधानसभा के एसडीम / एआरओ , चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...दै० तरुणमित्र लखनऊ... दिनांक ...27 MAY 2024...

# जिले में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ चुनाव

प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास, पट्टी, प्रतापगढ़, रानीगंज एवं विश्वनाथगंज में मतदान प्रक्रिया बहुत ही शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति तक का जो आंकड़ा प्राप्त हुआ है उसके अनुसार जनपद में कुल 51.81 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सर्वाधिक मतदान का प्रतिशत पट्टी विधानसभा क्षेत्र का रहा जहां 53.79 प्रतिशत, प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 52.36 प्रतिशत, विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में 51.80 प्रतिशत, रानीगंज विधानसभा क्षेत्र में 51.79 प्रतिशत एवं रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में 49.35 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना अनुसार मतदान पूरी तरीके से शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ और कहीं से भी मतदान में किसी व्यवधान की खबर नही है।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अँतिल के अलावा सामान्य सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, समस्त सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट निरन्तर भ्रमणशील रहते हुये मतदान को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज भानु भास्कर, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पन्त व आईजी प्रयागराज प्रेम कुमार गौतम ने भी भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जिला पंचायत मतदान केन्द्र पर जिलाधिकारी ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये सेल्फी प्वाइन्ट पर अपनी फोटो भी खिचवायी तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु मतदान केन्द्र पर पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने 5 विधानसभा क्षेत्रों का पुलिस अधीक्षक सतपाल अँतिल के साथ तुफानी दौरा करते हुये मतदान का जायजा लिया और मतदान केन्द्र जिला पंचायत, केपी हिन्दु इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय सदर, राजकीय पशु चिकित्सालय सदर, प्राथमिक विद्यालय खमपुर बेलखरनाथधाम, प्राथमिक विद्यालय ताला, प्राथमिक विद्यालय पाइकनगर बेलखरनाथधाम, प्राथमिक विद्यालय रूदापुर बेलखरनाथधाम, प्राथमिक विद्यालय मनैतापुर, स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, रामराज इण्टरमीडिएट कालेज पट्टी, प्राथमिक विद्यालय पट्टी-प्रथम, मॉडल प्राथमिक स्कूल धौरहरा, प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय विनैका आसपुर देवसरा, प्राथमिक विद्यालय धनसार पट्टी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सैफाबाद, प्राथमिक विद्यालय भॉटपट्टी, संविलियन विद्यालय जामताली शिवगढ़, प्राथमिक विद्यालय मसौली गौरा, प्राथमिक विद्यालय रामपुर बावली आदि बूथों का निरीक्षण किया और मतदान अधिकारियों और सुरक्षा मे लगे बलों को आवश्यक निर्देश भी दिया।

सायंकाल से पोलिंग पार्टियों के मुहली मण्डी स्थल पर बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन के व अन्य निर्वाचन सम्बन्धी कागजात के जमा कराने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बन्धुओं को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने बधाई दी है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आई नेक्स्ट लखनऊ दिनांक 27 MAY 2024

# पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक 7% गिरा मतदान का आंकड़ा

**पहले चरण में 61.11 और छठे में 54.04 प्रतिशत पड़े वोट**

**67 सीटों के मतदान में बाराबंकी अव्वल और फूलपुर सबसे पीछे**

**LUCKNOW (26 May) :** प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र से शुरू हुआ लोकसभा का चुनावी सफर छठे पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते मतदान प्रतिशत के लिहाज से हांफने लगा है. मतदाताओं ने पहले चरण में जो उत्साह दिखाया वह पूर्वांचल से जुड़ी सीटों पर नहीं दिखा. छठे चरण की 14 सीटों पर सबसे कम वोटिंग हुई और पहले से छठे चरण की वोटिंग में सात प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई. पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में सबसे अधिक 61.11 प्रतिशत वोट पड़े थे जबकि छठे चरण में महज 54.03 प्रतिशत मतदान हुआ. छठे चरणों में उत्तर प्रदेश किसी भी चरण के चुनाव में राष्ट्रीय औसत के करीब भी नहीं पहुंच सका. प्रदेश में अब तक 67 सीटों पर हुए चुनाव में सबसे अधिक वोट बाराबंकी 67.20 और सबसे कम मतदान फूलपुर में 48.91 प्रतिशत पड़े हैं.

## गर्मी ने डाला असर

मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण मतदाताओं की उदासीनता और गर्मी बताया जा रहा है. इन्हीं दो प्रमुख कारण से चुनाव आयोग के स्तर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के गए प्रयास दम तोड़ते दिखे. प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 61.11 प्रतिशत, दूसरे चरण में 55.19 प्रतिशत, तीसरे में 57.55, चौथे में 58.22 और पांचवें चरण में 58.03 प्रतिशत मतदान हुआ है. सभी चरणों में 2019 के मुकाबले कमी देखी गई है. राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष भी फासला दो से 11 प्रतिशत (चरणवार) देखा गया. वर्ष 2019 में देश भर में 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था जबकि उत्तर प्रदेश का औसत आंकड़ा 59.21 प्रतिशत रहा था.



## सातवें चरण का इंतजार

चुनाव आयोग का प्रयास 2024 में इस अंतर को पाटने का था. छह चरण के मतदान के बाद यह उम्मीद दम तोड़ती दिख रही हैं. सातवां चरण यह तय करेगा कि प्रदेश का वोटिंग प्रतिशत पिछले चुनाव तक पहुंच सका या नहीं. बेहतर मतदान प्रतिशत के लिहाज से शीर्ष पांच लोकसभा सीटें बाराबंकी (67.20 प्रतिशत), खीरी (64.68 प्रतिशत), अमरोहा (64.58 प्रतिशत), धौरहरा (64.54 प्रतिशत) और झांसी (63.86 प्रतिशत) रहीं. वहीं, सबसे कम मतदान वाले पांच लोकसभा क्षेत्र फूलपुर (48.94 प्रतिशत), मथुरा (49.41 प्रतिशत), गाजियाबाद (49.88 प्रतिशत), प्रतापगढ़ (51.60 प्रतिशत) व गोंडा (51.62 प्रतिशत) रहे.

### यूपी में चरणवार क्या रहा मतदान प्रतिशत

| चरण | वर्ष 2019 | वर्ष 2024 | कमी |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 66.42 | 61.11 | 5.31 |
| दूसरा | 62.18 | 55.19 | 6.99 |
| तीसरा | 59.79 | 57.55 | 2.24 |
| चौथा | 58.75 | 58.22 | 0.53 |
| पांचवां | 58.38 | 58.02 | 0.36 |
| छठा | 54.49 | 54.03 | 0.46 |

### राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष स्थिति

| चरण | राष्ट्रीय | यूपी | कमी |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 66.14 | 61.11 | 5.03 |
| दूसरा | 66.71 | 55.19 | 11.52 |
| तीसरा | 65.68 | 57.55 | 8.13 |
| चौथा | 66.95 | 58.22 | 8.73 |
| पांचवां | 60.09 | 58.02 | 2.07 |
| छठा | 61.20 | 54.03 | 7.18 |

## छठे चरण में 54.04 प्रतिशत मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर हुए शनिवार को मतदान के अंतिम आंकड़े रविवार को जारी कर दिए. मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 14 सीटों पर कुल 54.04 प्रतिशत मतदान हुआ है. सबसे ज्यादा अंबेडकर नगर में 61.58 प्रतिशत मतदान हुआ है. वहीं, सबसे कम 48.91 प्रतिशत फूलपुर में हुआ है. इसके अलावा सुलतानपुर में 55.63, प्रतापगढ़ में 51.45, इलाहाबाद में 51.82, श्रावस्ती में 52.83, डुमरियागंज में 51.97, बस्ती में 56.67, संत कबीर नगर में 52.57, लालगंज में 54.38, आजमगढ़ में 56.16, जौनपुर में 55.59, मछलीशहर में 54.49 व भदोही में 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ है. शनिवार को मतदान के बाद आयोग ने जो अनंतिम आंकड़े जारी किए थे उसके अनुसार 52.02 प्रतिशत मतदान बताया गया था.